मध्य प्रदेश में दूरदर्शन का नया स्टूडियो

7571. श्री अजीत जोगी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में दूरदर्शन के किसी नये स्टूडियो का निर्माण कार्य आरम्भ होने की संभावना है ;

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण पर अनुमानतः कितनी लागत आयेगी तथा इसे पूरा होने में कितना समय लगेगा ; और

(ग) इस दूरदर्शन स्टूडियो की प्रमुख विशेषतायें क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव): (क) जी, हां।

(ख) इस प्रकार के स्टूडियो केन्द्रों की स्थापना में लगभग 2.5 करोड़ रु. का व्यय निहित है। इस आकार की परियोजना को पूरा करने में, स्थल पर सिविल निर्माण कार्य आरंभ किए जाने के बाद 2–3 वर्ष का समय लगता है।

(ग) टी. वी. स्टूडियो का आकार सम्बद्ध तकनीकी क्षेत्र सहित 150 वर्ग मीटर होगा। निर्माण, रिकार्डिंग तथा प्ले बैक सुविधाओं के लिए आवश्यक उपस्कर भी प्रदान किए जाएंगे।

पंजीकृत समाचार पत्र/पत्रिकायें

7572. श्री अजीत जोगी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत के समाचार पत्र पंजीयक के कार्यालय में पंजीकृत समाचारपत्रों तथा पत्रिकाओं की भाषावार संख्या कितनी है ; और

(ख) शीर्षक तथा अखबारी कागज के आवंटन से सम्बन्धित लम्बित मामलों को निपटाने हेतु क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) 31.12.1992 की स्थिति के अनुसार, भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक के कार्यालय में 35096 समाचार पत्र पंजीकृत किए गए थे। इनका भाषा वार ब्यौरा विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए)

(ख) शीर्षक सत्यापन हेतु प्रार्थना पत्रों को निपटाने के लिए कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत कर दी गई है। 1.4.92 से अखबारी कागजों के स्थिति का विसरणीकरण कर दिए जाने के बाद भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय अखबारी कागजों का आवंटन नहीं करता है, किन्तु अखबारी कागजों की खरीद के लिए केवल हकदारी प्रमाणपत्र जारी करता है। पात्र समाचार पत्रों के मामले में प्रमाणपत्र जारी करने में कोई विलम्ब नहीं हुआ है।

विवरण

31.12.1992 को स्थिति के अनुसार, भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक के कार्यालय में पंजीकृत समाचारपत्रों की भाषावार संख्या

भाषा	पत्रों की संख्या
हिन्दी . .	12035
अंग्रेजी . . .	6155
असमिया . .	152
बंगला . .	2068
गुजराती . .	1044
कन्नड . .	1055
कश्मीरी . .	1

भाषा	पत्रों की संख्या
कोंकणी	4
मलयालम	1131
मणिपुरी	26
मराठी	1589
नेपाली	44
उड़िया	500
पंजाबी	695
संस्कृत	41
सिन्धी	88
तमिल	1478
तेलुगू	791
उर्दू	2166
द्विभाषी	2609
बहुभाषी	1110
अन्य भाषाएं	314
कुल योग :	35096

दूरदर्शन पर कार्यक्रमों के प्रायोजन के मानदण्ड

7573. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरदर्शन द्वारा मैट्रो तथा राष्ट्रीय चैनल पर प्रसारित किये जा रहे प्रादेशिक भाषाओं के कार्यक्रमों के प्रायोजकों के लिए निर्धारित मानदण्डों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि मैट्रो चैनल कार्यक्रमों के प्रायोजक गुजराती तथा सिन्धी कार्यक्रमों को कोई महत्व नहीं दे रहे हैं ;

(ग) क्या सरकार का विचार गुजरात और मुम्बई में प्रसारित किये जा रहे गुजराती कार्यक्रमों के पूर्व निर्धारित समय को यथावत रखने का है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) राष्ट्रीय भाषा तथा क्षेत्रीय भाषाओं में प्रायोजित कार्यक्रमों के रूप में दूरदर्शन केवल उन्हीं कार्यक्रमों को स्वीकृति देता है जो उच्च सामाजिक मूल्यों के साथ समग्र मनोरंजन प्रदान करते हैं।

(ख) मेट्रो चैनल (डी 2) पर मुख्यत: हिंदी तथा अंग्रेजी के कार्यक्रम होते हैं।

(ग) और (घ) केन्द्रों द्वारा उनकी कार्यक्रम अपेक्षाओं पर निर्भर करते हुए क्षेत्रीय भाषाओं के कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं।

Upgradation of TV and AIR Stations

7574. SHRI RAHASBIHARI BARIK: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to refer to Unstarred Question 4485 given in the Rajya Sabha on the 28th April, 1994 and state:

(a) the details of the backwad areas in Orissa and other States where T.V. and A.I.R. stations have been upgraded during the last three years;

(b) the criteria fixed for selecting the T.V. and A.I.R. centres for upgradation;

(c) whether the T.V. relay centre and AIR station at Keonjhergarh are falling under this category; and

(d) if so, the reasons for not upgrading those stations?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) As given in the Statement (See below).

(b) The criteria being followed for up-gradation of Television|All India Radio stations omprises of various factors like providing the coverage to areas hitherto not covered, technical feasibility, life of existing transmitters & equipments, extent of coverage, linguistic and cultural needs, availability of resources and itner-se priorities.

(c) and (d). Yes. Sir. Upgradation of TV and AIR station at Keonjhergarh would depend upon inter-se priorities and availability of resources.